STLL Sindhu Trade Links Limited

Regd. Office : 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035

Ref. No. STLL/BSE/2021-22/60 Dated 10/02/2022

To

The Manager (Listing),
**B.S.E. Ltd.**
Floor 25, P.J Towers,
Dalal Street,
Mumbai- 400001

**Sub: Sindhu Trade Links Limited**
**Scrip Code: 532029**
**Publication of Un-audited Consolidated Financial Results for the Quarter ended on 31st December, 2021.**

Sir,

In compliance with regulation 47 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are hereby enclosing copies of newspaper Hari Bhoomi & Financial Express dated 10th February, 2022 for publishing the Unaudited Consolidated Financial Results for the Quarter Ended on 31st December, 2021.

This is for your information and Record.

Thanking You,

Yours Faithfully,
For **Sindhu Trade Links Limited**

SINDHU TRADE LINKS LTD. New Delhi

(Company Secretary)

Corporate office : 701, 7th Floor, Signature Tower, Sector-30,Gurugram, Haryana-122003
Telephone: 0124-6913083, E-mail: corporatecompliance@sindhutrade.com
Website: www.sindhutrade.com, CIN No. : L63020DL1992PLC121695

# Sindhu Trade Links Ltd.

129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035

Unaudited Financial Results (Standalone & Consolidated) for the Quarter ended 31st December, 2021

CIN: L63020DL1992PLC121695 Website: www.sindhutrade.com, Email id: corporatecompliance@sindhutrade.com, Ph.: 0124-6913083

**Extracts of Standalone &Consolidated Unaudited Financial Results for the Quarter Ended on 31.12.2021**

(In Lakhs)

| Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended | | | Year to Date | | Year Ended | Quarter Ended | | | Year to Date | | Year Ended |
| | 31.12.2021 (Unaudited) | 30.09.2021 (Unaudited) | 31.12.2020 (Unaudited) | 31.12.2021 (Unaudited) | 31.12.2020 (Unaudited) | 31.03.2021 (Audited) | 31.12.2021 (Unaudited) | 30.09.2021 (Unaudited) | 31.12.2020 (Unaudited) | 31.12.2021 (Unaudited) | 31.12.2020 (Unaudited) | 31.03.2021 (Audited) |
| Total Income from operations | 15612.25 | 12774.11 | 15908.80 | 45176.64 | 47205.98 | 72591.05 | 28988.77 | 20095.73 | 21522.98 | 71870.16 | 65675.87 | 96094.54 |
| Net Profit/(Loss) for the period (before tax, exceptional and/ or Extraordinary items) | 3962.48 | 846.16 | 1819.53 | 6835.25 | 6995.62 | 5637.60 | 4024.80 | (2527.94) | (491.68) | (36.18) | (1686.11) | (8057.16) |
| Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional and/ or Extraordinary items) | 3962.48 | 846.17 | 1819.53 | 6835.25 | 6995.62 | 7031.26 | 4014.80 | (2534.61) | (582.23) | (66.19) | (1957.76) | (6703.51) |
| Net profit/(Loss) for the period after tax (before comprehensive Income) | 2965.21 | 633.20 | 1496.16 | 5114.96 | 6557.48 | 6285.57 | 2822.00 | (2823.69) | (893.76) | (2076.35) | (2651.87) | (8213.69) |
| Total Comprehensive Income for the Period {comprising Profit/Loss for the Period (after Tax)} and Other Comprehensive Income (after Tax) | 2989.67 | 657.68 | 1824.69 | 5188.36 | 7543.08 | 6383.44 | 2846.39 | (2944.73) | (874.13) | (2209.89) | (2368.59) | (8582.03) |
| Equity Share Capital | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 |
| Reserves (excluding Revaluation reserves) as shown in the Audited Balance Sheet of the Previous Year) | 68043.82 | 65054.16 | 56472.03 | 68043.82 | 56472.03 | 62855.47 | 114839.52 | 111712.09 | 165271.81 | 114839.52 | 165271.81 | 111369.12 |
| Earning Per Shares (for continuing and discontinued operation) of /-each) | | | | | | | | | | | | |
| Basic : | 5.82 | 1.28 | 3.55 | 10.09 | 14.67 | 12.42 | 5.54 | -5.73 | -1.70 | -4.30 | -4.61 | -16.70 |
| Diluted: | 5.82 | 1.28 | 3.55 | 10.09 | 14.67 | 12.42 | 5.54 | -5.73 | -1.70 | -4.30 | -4.61 | -16.70 |

**Notes:-**

1. The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly financial results is available on the websites of the Stock Exchange and company's website www.sindhutrade.com. The above results after being reviewed by the Audit Committee were taken on record by the Board at its Meeting held on 09th February, 2022.
2. The above Unaudited financial results of the Company for the Quarter ended on 31st December, 2021 have been reviewed by Audit Committee of the Board and approved by the Board of Director at its meeting held on 09th February, 2022.
3. The figures are regrouped in previous year also, wherever considered necessary.
4. Limited Review Report has been carried out by the Statutory Auditors for the above period.

For & on behalf of Board of Directors
Sindhu Trade Links Limited
Sd/-
Satya Pal Sindhu
Managing Director
DIN: 00218355

Place: Gurugram
Dated: 09.02.2022

to the Kerala Co-operative Milk Marketing Federation (KCMMF), which owns the popular dairy brand Milma,

Mani pointed out that the proposed amendment to bring in private representation can hamper the board's core

auction in respect thereof working days after displaying communication shall be iss

(₹ in crores)

the quarter ended | For the nine months ended | For the year ended

# झारखंड के डीजीपी को सेवानिवृत्ति के बाद भी पद पर बनाए रखने के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶ रांची

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह झारखंड सरकार और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नीरज सिन्हा के खिलाफ लंबित अवमानना याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा। याचिका में आरोप लगाया गया है कि सिन्हा 31 जनवरी को सेवानिवृत्ति के बाद भी पद पर काबिज हैं। प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण, न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति हेमा कोहली की तीन सदस्यीय पीठ को बताया गया कि इस अवमानना याचिका को पिछले साल सितंबर में सूचीबद्ध करने का आदेश दिया गया था। लेकिन, यह अब तक सुनवाई के लिए नहीं आई है और इस बीच, सिन्हा अपनी सेवानिवृत्ति के बाद भी झारखंड के डीजीपी के रूप में पद पर काबिज हैं। पीठ ने कहा कि अदालतें कोविड के कारण "प्रतिबंधित मामलों" की सुनवाई कर रही हैं और जल्द सुनवाई के लिए याचिका पर विचार करेगी। अधिवक्ता अपूर्व खटोर ने कहा, "यह मामला पिछले साल तीन सितंबर को सूचीबद्ध किया गया था और इसे दो सप्ताह के बाद सूचीबद्ध करने का आदेश दिया गया था। यह कभी सूचीबद्ध नहीं हुआ। यह झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के शीर्ष पद से संबंधित है।"

> इस अवमानना याचिका को पिछले साल सितंबर में सूचीबद्ध करने का आदेश दिया गया था। लेकिन, यह अब तक सुनवाई के लिए नहीं आई है और इस बीच, सिन्हा अपनी सेवानिवृत्ति के बाद भी झारखंड के डीजीपी के रूप में पद पर काबिज हैं।

### डीजीपी 31 जनवरी को सेवानिवृत होने के बाद भी शीर्ष पुलिस पद संभाल रहे




पीठ ने कहा, "यह प्राथमिकता वाली चीज नहीं है। हम जानते हैं कि हम प्रतिबंधित मामलों की सुनवाई कर रहे हैं। इसे हम देखेंगे।" जब वकील ने सुनवाई की तारीख देने का आग्रह किया, तो पीठ ने कहा, "आइए देखते हैं।" इससे पहले, राज्य सरकार और डीजीपी के खिलाफ एक लंबित अवमानना याचिका की तत्काल सुनवाई के अनुरोध वाली याचिका दायर की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि सिन्हा 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने के बाद भी शीर्ष पुलिस का पद संभाल रहे हैं। शीर्ष अदालत ने 14 जुलाई, 2021 को राज्य सरकार, उसके शीर्ष अधिकारियों और यूपीएससी के खिलाफ उसके फैसले के कथित उल्लंघन के लिए अवमानना याचिका पर नोटिस जारी किए थे। बाद में इसमें सिन्हा को अवमानना याचिका का पक्षकार भी बना दिया।

## खबर संक्षेप

### एससी-एसटी कर्मियों को मिलेगा आरक्षण का लाभ

**रांची।** प्रोन्नति में मिले आरक्षण का लाभ आरक्षित श्रेणी के कर्मियों को वरिष्ठ पद पर भी जारी रह सकता है।



इस प्रकार सामान्य वर्ग के कर्मी जो नियुक्ति के समय अपने साथ या बाद की आरक्षित श्रेणी के कर्मियों से कनिष्ठ हो गए हैं, वह बाद के पदों पर भी अपने आरक्षित श्रेणी के कर्मियों से वरिष्ठ नहीं हो पाएंगे। राज्य सरकार अपने कर्मियों की प्रोन्नति में कर्नाटक सरकार की तर्ज पर नए प्रावधानों को लाने की तैयारी कर रही है।

### कांग्रेस की एक और पोस्टर गर्ल ने पार्टी छोड़ी

**लखनऊ।** यूपी में कांग्रेस ने बुधवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है और सत्ता में आने की बात कही है।




हालांकि, कांग्रेस के नेता खुद पार्टी छोड़ रहे हैं। कांग्रेस के अभियान लड़की हूं लड़ सकती हूं कि पोस्टर गर्ल वंदना सिंह ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया और भाजपा की सदस्यता ले ली। इसके पहले इसी अभियान की एक पोस्टर गर्ल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुकी हैं।

### दो भागों में बंट गई मालगाड़ी, अफरातफरी

**सहरसा।** सहरसा में एक मालगाड़ी टूटकर दो भाग में बंट गई। घटना सहरसा शहर के झपड़ा टोला फाटक संख्या 106 के पास हुई। जैसे ही रेल फाटककर्मी और स्थानीय लोगों ने देखा कि अफरातफरी मच गई। मालगाड़ी के दो भागों में बंट जाने का कारण कपलिंग खुलना बताया जा रहा है।

### सीएम ने बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को वर्चुअली संबोधित किया

# भाजपा ने यूपी की क्षमता को पहचान और असुरक्षा के संकट से बाहर निकाला : योगी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में धार्मिक महत्व के चलते बरेली जिले का खास स्थान है। नाथ सम्प्रदाय के प्राचीन मंदिरों से आच्छादित होने के कारण बरेली को नाथ नगरी भी कहा जाता है। इस नाथ नगरी के बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी जनसभा होनी थी। परन्तु भारी बरसात होने के कारण मुख्यमंत्री बरेली पहुचने के बाद भी जनसभा को संबोधित नहीं कर सके तो उन्होंने जनसभा में मौजूद लोगों को वर्चुअली संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि हमने पांच वर्षों में यूपी को पहचान और असुरक्षा के संकट से उबारा है। यूपी को नई पहचान दी है। यूपी और बरेली को दंगा मुक्त किया है। अब अगर आप लोग चाहते हैं कि यूपी के थानों का संचालन फिर कोई हिस्ट्रीशीटर ना करे और अपराधी बेख़ौफ़ ना घूमे तो बहेड़ी का विकास करने वाले पार्टी के विधायक और सरकार में मंत्री छत्रपाल गंगवार को यहां से जिताएं।

> बरेली शहर में सपा सरकार की सरकार के दौरान आठ दंगे हुए थे। जबकि हमारे सरकार के पांच वर्षों के शासन में यहाँ किसी ने दंगा करने की हिम्मत नहीं की। हमने कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने का जो कार्य किया है, उसके चलते अपराधी अब अपराध करने की हिम्मत नहीं करते।

**खास बातें**

- भारी बरसात के कारण बरेली पहुंचने के बाद भी जनसभा को संबोधित नहीं कर पाए
- बहेड़ी का विकास करने वाले पार्टी के विधायक छत्रपाल गंगवार को जिताएं



### 5 वर्षों के कार्यों का दिया ब्यौरा

बहेड़ी की जनता से यह आग्रह करने के पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते पांच वर्षों में सरकार द्वारा किए गए कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया और पूर्व की सपा -बसपा सरकारों को भी आड़े हाथों लिया। मुख्यमंत्री के अनुसार पूर्व की सरकार में यूपी के थानों का संचालन हिस्ट्रीशीटर करते थे और अपराधी बेख़ौफ़ थे। बरेली शहर में सपा सरकार की सरकार के दौरान आठ दंगे हुए थे। जबकि हमारे सरकार के पांच वर्षों के शासन में यहाँ किसी ने दंगा करने की हिम्मत नहीं की। हमने कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने का जो कार्य किया है, उसके चलते अपराधी अब अपराध करने की हिम्मत नहीं करते। अब यूपी विकास की नै प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ रहा है।

### ममता पर बरसीं अपर्णा, कहा इस बार यूपी में होगा 'झेला'

**कानपुर।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के लिए वोट मांगने आईं प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भाजपा नेता अपर्णा यादव ने पलटवार किया है। कानपुर के भोगनीपुर विधानसभा क्षेत्र के सेल्हूपुर में नुक्कड़ सभा व बिहारी गांव के महिला संवाद में भाजपा नेता अपर्णा यादव ने कहा यूपी में गुंडे-बदमाश रहते हैं, यह कहने वाली बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इसी प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए आईं हैं, यह यूपी को बदनाम करने की कोशिश है। उन्होंने कहा बंगाल में खेला किया था, लेकिन यूपी में झेला होगा और इनको वहीं झेल दिया जाएगा।

> लालू ने कहा कि देश में इतनी गरीबी और महंगाई है उस पर प्रधानमंत्री कोई चर्चा नहीं करते हैं। अयोध्या, वाराणसी और मथुरा पर ही यह लोग लगे हुए हैं।

### पीएम मोदी पर बरसे लालू यादव

# देश में इतनी गरीबी और महंगाई है, भाजपा हकर रही हिन्दू-हिन्दू

एजेंसी ▶▶ पटना

राजद की कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने पटना पहुंचे लालू प्रसाद यादव ने एक बार फिर भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी पर हमला किया है। राबड़ी देवी के आवास पर मीडिया से बात करते हुए लालू ने कहा कि देश में इतनी गरीबी और महंगाई है उस पर प्रधानमंत्री कोई चर्चा नहीं करते हैं। अयोध्या, वाराणसी और मथुरा पर ही यह लोग लगे हुए हैं। इनको (भाजपा को) चस्का लग गया है कि ऐसा करने से हिंदू वोट मिलेगा। इनको हिंदू कोई वोट नहीं देने जा रहा।

लालू ने कहा कि भाजपा के रूप में नया अंग्रेज आ गया है। यह सब दंगा-फसाद कराना चाहता है। इसे लोग माफ नहीं करेंगे। हम अपील करते हैं कि लोग बुरी तरह से भाजपा को पराजित करें। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने कहा है कि अमित शाह कोलकाता में भी यही सब बोल रहे थे, वहां भी कुछ नहीं मिला। लालू प्रसाद ने कहा कि तबीयत ठीक नहीं है इसलिए चुनाव प्रचार में नहीं जाएंगे।



### छेदी पासवान को दाउद वाली बात नहीं बोलनी चाहिए

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार सत्ता के लिए सब जगह दौड़ रहे हैं। छेदी पासवान ने दाउद वाली जो बात कही वह हालांकि उन्हें नहीं बोलनी चाहिए। राष्ट्रीय अधिवेशन पार्टी का होना वाला है। अध्यक्ष का चुनाव टेन्योर पूरा होने के पहले लोकतांत्रिक तरीके से हो जाता है। बैठक में यह तय हो जाएगा कि आने वाले समय में पार्टी का एजेंडा क्या-क्या होगा।

## पेज एक का शेष

### परिवारवादी पार्टियां ...

उप्र में समाजवादी पार्टी के परिवार से 45 लोग ऐसे थे जो किसी न किसी पद पर थे। किसी ने मुझे कहा कि उनके पूरे परिवार में 25 साल से अधिक आयु के हर व्यक्ति को चुनाव लड़ने का मौका दिया गया है। मैं समाज के लिए हूं परन्तु मैं जो नकली समाजवाद की चर्चा करता हूं ये पूरी तरह परिवारवाद है। लोहिया जी का परिवार कहीं नजर आता है क्या? जॉर्ज फर्नांडिस का परिवार कहीं नजर आता है क्या? नीतीश बाबू का परिवार कहीं नजर आता है क्या? पीएम ने कहा, परिवारवादी पार्टियां लोकतंत्र की सबसे बड़ी दुश्मन है। जब परिवार ही सर्वोपरि होता है, परिवार को बचाओ पार्टी बचे न बचे, देश बचे न बचे। ये जब होता है तो सबसे बड़ा नुकसान प्रतिभा को होता है। सार्वजनिक जीवन में जितनी अधिक प्रतिभा आए वो जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'मैंने सभी राज्यों में देखा है कि जनता का भाजपा की ओर झुकाव है और हम पूर्ण बहुमत के साथ ये चुनाव जीतेंगे। इन पांचों राज्यों की जनता भाजपा को उनकी सेवा करने का अवसर प्रदान करेगी।

### हमारी प्राथमिकता देश ...

की आकांक्षाएं और आवश्यकताएं क्या हैं। भारत की विविधता को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने के अपने विचार को लेकर उन्होंने कहा कि अब कई देशों के अध्यक्ष भारत आने पर यहां कई राज्यों की यात्रा करते हैं। इससे पहले ये लोग केवल नई दिल्ली तक ही सीमित रहते थे। मैं चीनी राष्ट्रपति को तमिलनाडु लेकर गया था। मैं फ्रांस के राष्ट्रपति को उत्तर प्रदेश लेकर गया था। मैं जर्मनी की चांसलर (तत्कालीन) को कर्नाटक लेकर गया था और तब राज्य में कांग्रेस की सरकार थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी प्राथमिकता देश के हर राज्य को प्रोत्साहित करने की और पहचान देने की है।

**हमें समावेशी और शुद्ध विकास की ओर ध्यान देना चाहिए:** इस सवाल पर कि अगर क्षेत्रीय आकांक्षाओं को महत्व दिया जाएगा तो इससे देश की एकता को खतरा पैदा होगा, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत जैसे देश में जहां सामाजिक व्यवस्था विविधता से परिपूर्ण है, अगर हम सामाजिक न्याय के साथ छेड़छाड़ करते हैं तो देश को नुकसान होगा। अगर देश का कोई भी हिस्सा कमजोर है तो यह प्रगति नहीं कर सकता है। हमें समावेशी और शुद्ध विकास की ओर ध्यान देना चाहिए। हमारी सरकार ने 110 से 115 ऐसे आकांक्षी जिलों की पहचान की है जो राज्यों के साथ सहयोग में विकास के मानकों पर बहुत अधिक पिछड़े हुए हैं। ये जिले शासन में कमियों के चलते औसत से भी नीचे हैं और इसके लिए योजनाओं का लागू होना कारण नहीं है। केवल एक राज्य ने आपत्ति जताई है। हमने इन जिलों पर विशेष ध्यान दिया है। मैंने खुद इन जिलों के प्रमुखों से बात की है जिससे लाभकारी योजनाएं वहां तेजी से पहुंच सकें।

**उप्र में अब गुंडे सरेंडर कर रहे हैं:** पीएम मोदी ने कहा, पहली बात है कि जब यूपी में लोग सुरक्षा की बात करते हैं, तो लोगों के मन में पिछली सरकारों में झेली गई मुसीबतें, माफिया राज आता था। ये सब उत्तर प्रदेश ने निकट से देखा है। बहन बेटी घर से बाहर नहीं निकल पाती थी। अब यूपी की बेटी कह रही है कि शाम को मैं कुछ काम के लिए निकल सकती हूं। ये विश्वास बहुत बड़ी बात है। गुंडे एक वक्त जो चाहते थे, वो कर पाते थे, लेकिन अब गुंडे सरेंडर कर रहे हैं। कह रहे हैं जेल में जीवन बच सकता है। योगी जी ने सुरक्षा को प्राथमिकता दी है।

### केंद्र सरकार ने दी हिंदी ...

दी गई है। हिंदी भाषा में लगभग तीन दशक की पत्रकारिता के अनुभव वाले डॉ. हिमांशु द्विवेदी देश के नामीगिरामी चंद ऐसे पत्रकारों की फेहरिस्त में शुमार हैं जिनकी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और न्यू-मीडिया में बराबर की धाक है। हरियाणा, दिल्ली, मप्र और छत्तीसगढ़ से प्रकाशित दैनिक हरिभूमि में करंट अफेयर्स पर उनकी बेबाक टिप्पणी और जनता टीवी, आईएनएच न्यूज में एक साथ प्रसारित होने वाले कार्यक्रम 'चर्चा' को बेहद पसंद किया जाता है।

### आईएएस प्रतिनियुक्ति ...

कि इस समस्या को दूर करने के लिए अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1951 की धारा 3 के संदर्भ में राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से टिप्पणियां मांगी गईं। सिंह ने बताया कि इन टिप्पणियों पर गौर किया जा रहा है।

**कई राज्यों ने किया है विरोध:** छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु समेत कई राज्यों ने संशोधन का विरोध किया है। मुख्यमंत्रियों ने पीएम मोदी को इस बारे में पत्र लिखा है। इस लेटर में एम के स्टालिन ने लिखा कि केंद्र द्वारा प्रस्तावित आईएएस कैडर रुल्स संघीय ढांचे की नीतियों और राज्यों की स्वायत्ता पर पर सीधा प्रहार है।

**संघीय ढांचा तोड़ने का लगा था आरोप:** ममता बनर्जी ने इस मामले को लेकर एक बार फिर केंद्र पर हमला बोला है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में बनर्जी ने कहा कि केंद्र को ऐसे संशोधन पर नहीं बढ़ना चाहिए जिससे केंद्र, राज्य सरकार की आपत्ति को दरकिनार कर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति केंद्र में कर सके।

### हिजाब विवाद : अब ...

उडुपी जिले के सरकारी महाविद्यालयों में पढ़ने वाली कुछ मुस्लिम लड़कियों ने हिजाब के साथ कक्षाओं में प्रवेश पर रोक के खिलाफ याचिका दायर की है। मामलों की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति कृष्णा एस दीक्षित ने कहा कि पर्सनल लॉ के कुछ पहलुओं के मद्देनजर ये मामले बुनियादी महत्व के कुछ संवैधानिक प्रश्नों को उठाते हैं। न्यायमूर्ति दीक्षित ने कहा, ऐसे मुद्दे जिन पर बहस हुई और महत्वपूर्ण सवालों की व्यापकता को देखते हुए अदालत का विचार है कि मुख्य न्यायाधीश को यह तय करना चाहिए कि क्या इस विषय के लिए एक बड़ी पीठ का गठन किया जा सकता है।

**उच्च न्यायालय के आदेश का इंतजार:** राज्य मंत्रिमंडल ने हिजाब विवाद पर कोई भी फैसला लेने से पहले उच्च न्यायालय के आदेश का इंतजार करने का निर्णय किया है। कानून एवं संसदीय मामलों के मंत्री जेसी मधुस्वामी ने कहा,हमने (मंत्रिमंडल में) हिजाब विवाद पर चर्चा की, पर चूंकि उच्च न्यायालय इस मामले में सुनवाई कर रहा है, लिहाजा हमें लगा कि मंत्रिमंडल का आज इस मुद्दे पर निर्णय लेना उचित नहीं होगा। कोई भी फैसला लेने से पहले अदालत की व्यवस्था का इंतजार करने का निर्णय लिया गया।

**महिलाओं का उत्पीड़न बंद करो:प्रियंका:** कर्नाटक में छात्राओं के हिजाब पहनने को लेकर उठे विवाद पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि कोई महिला क्या पहनेगी यह तय करने का अधिकार किसी को नहीं है। प्रियंका ने ट्वीट किया, चाहे वह बिकनी हो, घूंघट हो, जींस हो या हिजाब हो, यह फैसला करने का अधिकार महिलाओं का है कि उन्हें क्या पहनना है। प्रियंका गांधी ने कहा, इस अधिकार की गारंटी भारतीय संविधान ने दी है। महिलाओं का उत्पीड़न बंद करो। वहीं अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि कुछ लोग भारत की समावेशी संस्कृति को बदनाम करने की साजिश के तहत ड्रेस कोड और संस्थानों के अनुशासन के फैसले को सांप्रदायिक रंग दे रहे हैं।

### सीबीएसई 10वीं और ...

की सैद्धांतिक परीक्षाएं 26 अप्रैल से शुरू की जाएंगी। ये परीक्षाएं बोर्ड की वेबसाइट पर दिए गए सैंपल पेपर्स के अनुसार ही होंगी। यानी टर्म-2 का पेपर पैटर्न सैम्पल पेपर्स के अनुसार ही होगा। परीक्षाएं कोविड-19 निर्देशों का पालन करते हुए ऑफलाइन आयोजित कराई जाएंगी।

**परीक्षा केंद्रों में ही देनी होगी परीक्षा:** सीबीएसई टर्म-2 की परीक्षाओं में छात्रों को निर्धारित किए गए परीक्षा केंद्रों में जाकर परीक्षा देनी होगी। जैसा कि पिछले वर्षों में बोर्ड परीक्षाएं हुई हैं। सीबीएसई कक्षा 10, 12 की डेट शीट भी जल्द ही बोर्ड की वेबसाइट पर जारी की जाएगी। सीबीएसई बोर्ड 12वीं की परीक्षाओं में हर साल करीब 13 लाख छात्र-छात्राएं भाग लेते हैं। वहीं सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में भी देशभर के करीब 18 लाख स्टूडेंट्स शामिल होते हैं।

### 10 साल के मासूम...

गया, जिससे दिल्ली का निर्भया कांड याद आ गया। हैवानों ने मासूम की गला घोंटकर हत्या करने से पहले उसकी आंख में 5 इंच की कील ठोंक दी और गुदाद्वार में डंडा डाल दिया। घटना के कारण गांव में जातीय तनाव का माहौल बन गया है।

**मासूम के साथ जानवरों से भी बदतर दरिंदगी:** राज मिस्त्री महेंद्र कोरी का 10 साल का बेटा 5वीं कक्षा में पढ़ रहा था। मासूम बच्चा सोमवार दोपहर को घर से बाहर टायर लेकर खेलने निकला था। इसके बाद अचानक लापता हो गया। मंगलवार दोपहर को घर से 400 मीटर दूर गांव के ही रामेंद्र मिश्रा के सरसों के खेत में उसका नग्न अवस्था में शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही नर्वल पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर जांच करने पहुंची। एक्सपर्ट ने बताया कि बच्चे की आंख से करीब 5 इंच लंबी कील मिली है। पूरे चेहरे को सिगरेट से दागा गया है। इतना ही नहीं, उसके गुदाद्वार में डंडा भी डाला गया है। इसके साथ ही पूरे शरीर पर चोट और खरोंच के निशान हैं।

**जांच में चार टीमों को लगाया:** एसपी आउटर अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि जांच में चार टीमों को लगाया गया है।

थाना प्रभारी के साथ ही सर्विलांस, क्राइम ब्रांच समेत चार टीम अलग-अलग एंगल पर जांच करके हत्याकांड का खुलासा करने का प्रयास कर रही हैं। इसके साथ ही सीओ सदर ऋषि केश यादव की निगरानी में खुलासे का प्रयास किया जा रहा है। इससे कि जल्द से जल्द हत्याकांड का खुलासा हो सके।

# सांसद- विधायक ने मिलकर किया सड़क का शिलान्यास, गैंग्स के डर से ठेकेदार फरार

एजेंसी ▶▶ धनबाद

कभी आपने सिनेमा के पर्दे पर गैंग्स ऑफ वासेपुर का खौफ देखा था। झारखंड के धनबाद में एक बार फिर इसकी धमक देखी जा रही है। वासेपुर गैंग के खौफ से झारखंड में निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। धनबाद के सांसद पीएन सिंह और विधायक राज सिन्हा ने जिस सड़क का शिलान्यास किया था, उसका निर्माण बाधित हो गया है। शिलान्यास के एक दिन बाद ही ठेकेदार ने सड़क का निर्माण कार्य बंद कर दिया है। ठेकेदार ने पथ निर्माण विभाग को इसकी सूचना दे दी है। ठेकेदार का आरोप है कि स्थानीय दबंग युवकों द्वारा आधी रात के बाद काम करने वाले मजदूर और मुंशी को परेशान किया जा रहा है।

### मशीन उठा कर ले जाने की कोशिश की



पथ निर्माण विभाग ने शहर के भूली मोड़ से वासेपुर आरा मोड़ तक की 1.4 किलोमीटर सड़क मरम्मत के लिए दो करोड़ 20 लाख रुपए का टेंडर निकाला था। इस काम का टेंडर रामनरेश सिंह नामक ठेकेदार ने लिया था। यहां काम एक हफ्ते से चल रहा था। वासेपुर के कुछ युवकों ने काम की गुणवत्ता खराब बताते हुए काम बंद करने का फरमान सुना दिया। सूचना मिलते ही रात दो बजे ठेकेदार भी कार्यस्थल पर पहुंचे। युवकों ने मशीन भी उठा कर ले जाने की कोशिश की।

### दो बार टेंडर निकाला गया ,कोई नहीं डाल रहा टेंडर

भूली मोड़-वासेपुर सड़क का टेंडर दो बार निकाला गया लेकिन डर से कोई ठेकेदार इसे डालने के लिए आगे नहीं आया। वासेपुर और गैंग्स के खौफ से कोई ठेकेदार इस इलाके में काम नहीं करना चाहता है। पथ निर्माण विभाग ने बाशक्कत के बाद एक ठेकेदार को काम करने के लिए तैयार किया था, लेकिन उसने भी काम बंद कर दिया।


**Sindhu Trade Links Ltd.**

129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035
Unaudited Financial Results (Standalone & Consolidated) for the Quarter ended 31st December, 2021
CIN: L63020DL1992PLC121695 Website: www.sindhutrade.com, Email id: corporatecompliance@sindhutrade.com, Ph.: 0124-6913083

Extracts of Standalone &Consolidated Unaudited Financial Results for the Quarter Ended on 31.12.2021

(In Lakhs)

| Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended | | | Year to Date | | Year Ended | Quarter Ended | | | Year to Date | | Year Ended |
| | 31.12.2021 (Unaudited) | 30.09.2021 (Unaudited) | 31.12.2020 (Unaudited) | 31.12.2021 (Unaudited) | 31.12.2020 (Unaudited) | 31.03.2021 (Audited) | 31.12.2021 (Unaudited) | 30.09.2021 (Unaudited) | 31.12.2020 (Unaudited) | 31.12.2021 (Unaudited) | 31.12.2020 (Unaudited) | 31.03.2021 (Audited) |
| Total Income from operations | 15612.25 | 12774.11 | 15908.80 | 45176.64 | 47205.98 | 72591.05 | 28988.77 | 20095.73 | 21522.98 | 71870.16 | 65675.87 | 96094.54 |
| Net Profit/(Loss) for the period (before tax, exceptional and/ or Extraordinary items) | 3962.48 | 846.16 | 1819.53 | 6835.25 | 6995.62 | 5637.60 | 4024.80 | (2527.94) | (491.68) | (36.18) | (1686.11) | (8057.16) |
| Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional and/ or Extraordinary items) | 3962.48 | 846.17 | 1819.53 | 6835.25 | 6995.62 | 7031.26 | 4014.80 | (2534.61) | (582.23) | (66.19) | (1957.76) | (6703.51) |
| Net profit/(Loss) for the period after tax (before comprehensive Income) | 2965.21 | 633.20 | 1496.16 | 5114.96 | 6557.48 | 6285.57 | 2822.00 | (2823.69) | (893.76) | (2076.35) | (2651.87) | (8213.69) |
| Total Comprehensive Income for the Period {comprising Profit/Loss for the Period (after Tax)} and Other Comprehensive Income (after Tax) | 2989.67 | 657.68 | 1824.69 | 5188.36 | 7543.08 | 6383.44 | 2846.39 | (2944.73) | (874.13) | (2209.89) | (2368.59) | (8582.03) |
| Equity Share Capital | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 |
| Reserves (excluding Revaluation reserves) as shown in the Audited Balance Sheet of the Previous Year) | 68043.82 | 65054.16 | 56472.03 | 68043.82 | 56472.03 | 62855.47 | 114839.52 | 111712.09 | 165271.81 | 114839.52 | 165271.81 | 111369.12 |
| Earning Per Shares (for continuing and discontinued operation) of /-each) Basic : | 5.82 | 1.28 | 3.55 | 10.09 | 14.67 | 12.42 | 5.54 | -5.73 | -1.70 | -4.30 | -4.61 | -16.70 |
| Diluted: | 5.82 | 1.28 | 3.55 | 10.09 | 14.67 | 12.42 | 5.54 | -5.73 | -1.70 | -4.30 | -4.61 | -16.70 |

Notes:-

1. The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly financial results is available on the websites of the Stock Exchange and company's website www.sindhutrade.com. The above results after being reviewed by the Audit Committee were taken on record by the Board at its Meeting held on 09th February, 2022.
2. The above Unaudited financial results of the Company for the Quarter ended on 31st December, 2021 have been reviewed by Audit Committee of the Board and approved by the Board of Director at its meeting held on 09th February, 2022.
3. The figures are regrouped in previous year also, wherever considered necessary.
4. Limited Review Report has been carried out by the Statutory Auditors for the above period.

For & on behalf of Board of Directors
Sindhu Trade Links Limited
Sd/-
Satya Pal Sindhu
Managing Director
DIN: 00218355

Place: Gurugram
Dated: 09.02.2022